सुविचा एक समय में एक काम करो , उस समय अपनी पूरी आत्मा उसमे डाल दो - स्वामी विवेकानंद डीजिटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - १ अंक - ७ २९/०४/२०२४ पृष्ठ - ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## 14 पाकिस्तानी नागरीको के साथ 80 किलो ड्रग्स गुजरात पोरबंदर पर इंडियन कोस्ट गार्ड ने पकडा

ड्रग्स की किमत ६०० करोड आँकी जा रही है ।कुछ दिन पहले सोमनाथ पुलिस ने ३५० करोड की नशीली दवाए जब्त की



इंडियन कोस्ट गॉर्ड और गुजरात एटीएस ने रविवार को अरब सागर में भारतीय सीमा में 600 किलो ड्रग्स जब्त की है। इसकी कीमत 600 करोड़ रुपए से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाल14 पाकिस्तानी पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है। कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं जब्त की थीं ।ड्रग्स का जत्था मछलियों की आड़ में छिपाकर रखा गया था। रात भर ऑपरेशन चला सर्च ऑपरेशन इंडियन कोस्ट गॉर्ड ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इस नाव की तलाश में रात भर ऑपरेशन चलाया गया था। वेस्ट अरेबियन सी में पाकिस्तानी नाव को पकड़ा गया, जिसमें 14 पाकिस्तानी क्रू मेंबर सवार थे। उनके पास से 80 किलो ड्रग्स पकड़ा गया।

## अरविंद लवली का दिल्ली काँग्रेस पद से त्याग पत्र आप के गठबंधन से नाराज थे लवली

*2017 में काँग्रेस छोड कर भाजपा में चले गए थे फिर काँग्रेस मे वापसी की*



दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखकर इस्तीफे की वजह बताई है। लवली ने 4 पेज की चिट्ठी खड़गे को भेजी है। इसमें उन्होंने लिखा– दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ थी, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद, पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।लवली दिल्ली में टिकट बंटवारे से नाराज हैं। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को उन्हें दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया था। लवली शीला दीक्षित की सरकार में 15 साल तक परिवहन और शिक्षा समेत कई मंत्रालय संभाल चुके हैं। दिल्ली के सिख समुदाय में उनकी अच्छी पैठ है।

## विदिशा के होमगार्ड जवान ने रास्ते में मिला आईफोन वापस लौटाया



विदिशा। शनिवार की रात में करीब 9 बजे पुराना जिला अस्पताल रोड पर होमगार्ड सैनिक सुनील कुमार को एक काले रंग का बैग मिला था। जब उन्होंने उसे खोलकर देखा तो उसमें आईफोन कंपनी का मोबाइल, 3600 रुपय नकद और कुछ दस्तावेज रखे थे। सैनिक ने यह बैग रात में ही कोतवाली में जमा करा दिया था। पुलिस ने जानकारी जुटाई तो यह बैगजिला अस्पताल में कार्यरत प्रभात शर्मा का निकला जिन्हें बैग वापस किया गया।शनिवार की सुबह कोतवाली थाना प्रभारी मनोज दुबे के सामने होमगार्ड जवान ने बैग प्रभात शर्मा को वापस कर दिया। होमगार्ड के जवान सुनील कुमार ने बताया कि वह जिला अस्पताल रोड पर फोन पर बात कर रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क पर पड़े बैग पर पड़ी।


## कर्नाटक मे मोदी का काँग्रेस पर हमला

काँग्रेस ईवीएम की माला जपती थी अब सुप्रीम कोर्ट के चाँटे से असमन्जस में है ।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 28 अप्रैल को कर्नाटक दौरे पर थे। उन्होंने बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में सभाएं की। मोदी ने कहा कि ये (कांग्रेस, विपक्ष) पहले जब भी हार जाते थे तो इवीएम की टोपी पहना देते थे। चुनाव आते ही दिन–रात इवीएम की माला जपते रहते थे। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा–महाराजाओं के योगदान याद नहीं आता वोट बैंक की राजनीतिके लिए राजा महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द नही बोलते ।

## संदेशखाली मामले में नड्डा का ममता पर आरोप ।



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हथियार और गोला–बारूद मिलने पर राज्य के लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने रविवार को कहा– ममता बनर्जी की सरकार में तृणमूल कांग्रेस के शेख शाहजहां जैसे असामाजिक तत्व संदेशखाली में महिलाओं के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं। ममता बनर्जी की सरकार अराजकता फैला रही है ।नड्डा ने कहा– बंगाल में महिलाओं के सम्मान और गरिमा की रक्षा के लिए गए जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर हमला किया गया। संदेशखाली में तलाशी के दौरान, सीबीआई को 3 विदेशी रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की गई 1 रिवॉल्वर, 1 विदेशी पिस्तौल, कई गोलियां और कारतूस भी बरामद किए गए। जनता आपको ममता बनर्जी को करारा जवाब देगी।

## राहुल के राजा-महाराजा वाले बयान का मोदी ने बनाया मुद्दा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के बेलगामी में चुनावी रैली को संबोधित किया।भाषण के दौरान पीएम मोदी ने राहुल गांधी के ताजा बयान को मुद्दा बनाया, कांग्रेस नेता ने देश के राजा –महाराजाओं पर टिप्पणी की थी ।राहुलगांधी ने कहा था कि एक समय देश में राजा–महाराजाओं का राज था, जो जब चाहे, जैसे चाहे, लोगों की जमीन छीन लेते थे। इस पर पलटवार करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस के शहजादे को औरंगजेब केअत्याचार याद नहीं आते हैं। कांग्रेस नेता मुगलों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ क्यों नहीं बोलते है।

## मध्यप्रदेश के बुरहान पुर में डायरिया का कहर अस्पताल में कम पडे गए बेड।


कांग्रेस नेताओं ने महापौर व निगम प्रशासन के विरोध में की नारेबाजी



शहर में फैल चुका डायरिया थमने का नाम नहीं ले रहा है। छोटे बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं। लगातार बढ़ रही बच्चों की संख्या के कारण अस्पताल में बेड कम पड़ गए हैं। एक बेड पर तीन–तीन बच्चों को लिटा कर इस बीच रविवार को डायरिया से पीड़ित दो बच्चों की मौत हो गई। आरएमओ डॉक्टर भूपेंद्र गौरका कहना है कि एक बच्चको जब अस्पताल लाया गया उससे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। इसी तरह उल्टी–दस्त से पीड़ित कृष्ण पिता राजू ठाकुर निवासी नागझिरी को भी स्वजन बुरहानपुर अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डाक्टरों ने बच्चे को दवा देकर घर भेज दिया था। स्वजन का आरोप है कि घर ले जाकर दवा देने के दो 2 घंटे बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया।

## सर्वोच्च न्यायालय से केजरीवाल बोले में रिहाई का हकदार ईंडी का बर्ताव क्रूर

२७ अप्रेल को कोर्ट को बताया की ईंडी ने मेरे साथ बेहत क्रूर तरिके से बर्ताव कीया मेन नौ समन का जवब भी दिया था




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार 27 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि म्क ने शराब नीति घोटाले के तहत मनी लॉन्ड्रिंग केस में बेहद क्रूर तरीके से बर्ताव किया। अपनी गिरफ्तारी को चौलेंज करने वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय की तरफ से दाखिल किए गए एफिडेविट पर केजरीवाल ने ये जवाब दाखिल किया। इसमें उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा जांच में सहयोग किया है।केजरीवाल ने कहा कि मुझे किसी अधिकृत एजेंट के जरिए न बुलाया जाना या लिखित या वर्चुअल मोड में जानकारी या डॉक्यूमेंट न मांगना और फिजिकली मौजूद होने के लिए कहना क्या जरूरी था? मेरी याचिका को अनुमति मिलनी चाहिए ,मैं रिहाई पाने का हकदार हूं।

## आरएसएस हमेशा आरक्षण के समर्थन में-मोहन भागवत

कुछा लोग झुठे विडियों फैला रहे है ओर अरक्षण के समर्थन में गलत प्रचार कर रहे है



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संघ ने कभी भी कुछ खास वर्गों को दिए जाने वाले आरक्षण का विरोध नहीं किया है। हैदराबाद में एक कार्यक्रममें भागवत ने कहा कि संघ का मानना है कि जब तक जरूरत है, आरक्षण जारी रहना चाहिए।

भागवत ने यह बात भाजपा और कांग्रेस के बीच आरक्षणको लेकर चल रही जुबानी जंग के बाद दोहराई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग संगठन के विपरीत विचार वाले झूठे वीडियो फैला रहे हैं।

भागवत ने पिछले साल नागपुर में कहा था कि जब तक समाज में भेदभाव है, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए ।उन्होंने कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद है, भले ही वह दिखता न हो।

मोहन भागवत का बयान आया अभी देश में आम चुनाव हो रहे हैं। माना जा रहा है कि अब आरक्षण भी चुनावी मुद्दा बन सकता है। बता दें, आरक्षण पर राष्ट्रीयस्वयं सेवक संघ का रुख शुरू से विवादों में रहा है।





डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



## नीमच जिले मे दो आत्महत्या के मामले जहरीला पदार्थ व फाँसी खाने से हुई मौत

कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत सगराना गांव का है, जहां एक 25 वर्षीय युवक राजेंद्र सिंह पिता गोविंद सिंह सोंधिया राजपूत निवासी सगराना ने गुरुवार को अपने खेत पर बने हुए कुएं पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक ने पहले गले में फांसी का फंदा डाला और कुएं पर पानी खींचने के लिए लगाई गई ग्रिल के सरिए पर रस्सी बांधकर कुएं में लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई।शुक्रवार को मृतक का नीमच जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम किया गया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मामले में कैंट थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।वहीं एक अन्य मामले में जहरीले पदार्थ का सेवन करने से नव विवाहिता की मौत हो गई। जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव मोया में निकिता पति भारत उम्र 19 वर्ष जाति रावत ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार को जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई पहले उसे मनासा के शासकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां से नीमच जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, यहां से गंभीर हालत देखते हुए परिजन उसे नीमच के एक निजी चिकित्सालय में ले गए।

जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

## नवविवाहिता की जहर खाने से हुई मौत

नीमच जहर खाने से एक नवविवाहिता की मौत हो गई। जिले के कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव मोया में निकिता (19) पति भारत जाति रावत ने अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार को जहर खा लिया। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। पहले उसे मनासा के शासकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया। यहां से गंभीर हालत के चलते परिजन नीमच के एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में तहसीलदार जागृति जाट की मौजूदगी में पैनल के माध्यम से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंपा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

## कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ ने पेड़ों पर टांगे पानी भरे मतदाता जागरूकता के सकोरे



कलेक्टर दिनेश जैन व जिला पंचायत सीईओ गुरु प्रसाद ने सोमवार को संयुक्त तहसील कार्यालय परिसर नीमच में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में पानी से भरे हुए मतदाता जागरूकता के सकोरे पेड़ों पर अपने हाथों से लटकाएं। उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को 13 मई को मतदान दिवस पर मतदान करने की शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने तहसील कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता के मतदान दिवस लिखे सकोरे गार्डन के पेड़ों पर टांगे और उनके पानी भरा। पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता के इस अभियान में सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने अपनी सहभागिता की। इस मौके पर एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, तहसीलदार श्री प्रेम शंकर पटेल, संजय मालवीय व अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## नीमच कलेक्टर जैन का प्रयास लोकसभा चुनवा मे सभी विभाग मतदान प्रतिशत बढाने का गंभीरता से प्रयास करे।

### गत विधानसभा चुनाव से कम नहीं हो मतदान प्रतिशत



नीमच 23 अप्रैल 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने लोकसभा निर्वाचन–2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये पूरी गंभीरता से प्रयास करने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री जैन ने कहा,कि मतदाता जागरूकता दल घर–घर जाकर मतदाता को प्रेरित करें एवं सभी मतदाताओं के घर पर मतदाता सूचना पर्ची पहुँच जायें। बी. एल.ओ. द्वारा दी गई वितरण जानकारी का सत्यापन भी करायें। मतदाता सूचना पर्ची देते समय मतदाताओं को बतायें, कि मतदान करने जाते समय मतदाता पर्ची के साथ ही फोटोयुक्त वोटर आईडी कार्ड अथवा अन्य 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), पासपोर्ट, पासबुक (फोटो सहित बैंक, डाकघर द्वारा जारी), फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र, राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम,पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआइ द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज लेकर जरूर जायें।

कलेक्टर श्री जैन ने प्रशिक्षण स्थल और मतदान केन्द्रों पर जरूरी दवाईयाँ उपलब्ध कराने तथा स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश स्वास्थ एवं लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग को दिए। समस्त विभाग प्रमुख अपने कर्मचारियों को मतदान दिवस पर मुख्यालय पर रहने और अनिवार्यतरू मतदान करने के निर्देश जारी करें साथ ही समस्त फील्ड लेवल के कर्मचारी भी अपने मताधिकार का उपयोग करना सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश साह, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जोक, श्री चन्द्रसिंह धार्वे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओं एवं सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक का जिले मे अगमन कंट्रोल रूम, चुनावी तैयारियों मीडिया सेंटर का करा निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए आयकर विभाग के संयुक्त आयुक्त असम के भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एस.एस.दास को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। बुधवार को व्यय प्रेक्षक दास नीमच पहुंचें। यहां व्यय प्रेक्षक एस.एस.दास ने कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया सेंटर एवं मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण कर न्यूज चैनल मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कार्य का जायजा लिया।

व्यय प्रेक्षक ने मीडिया मॉनिटरिंग दलों द्वारा किए जा रही न्यूज चौनल मॉनिटरिंग कार्य का अवलोकन किया तथा संबंधितों को न्यूज चौनलों, सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया में राजनैनिक स्वरूप के समाचारों, पेड न्यूज, विज्ञापनों, की सतत मॉनिटरिंग एवं निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने समाचार का अवलोकन किया तथा न्यूज चौनल मॉनिटरिंग पंजी का भी अवलोकन किया। व्यय प्रेक्षक ने कलेक्टर कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम, सी–विजिल कक्ष का भी निरीक्षण किया। और सी–विघजिल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की संख्या और उनके निराकरण की जानकारी ली।

## मानव श्रृंखला बनाकर विधार्थियों ने दिया मतदान संदेश ।



नीमच 23 अप्रेल 2024, कलेक्ष्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्घ्य से मुख्य डाकघर के बाहर हस्ताक्षर अभियान व सेल्फी पाइंट का शुभारंभ सीएम राइज प्राचार्य श्री किशोरसिंह जैन ने किया। साथ ही विद्यार्थियों ने शहर के मुख्य स्थल दशहराही विद्यार्थियों ने शहर के मुख्य स्थल मैदान पर मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति नागरिकों को जागरूक किया। इसके पूर्व विद्यार्थियों ने रैली निकालकर मतदान के नारे लगाते हुए 13 मई 2024 को मतदान करने की प्रेरणा दी। मतदाता जागरूकता सेल्फी पाइंट के प्रति अपार उत्साह देखा गया। मुख्य डाकघर के कर्मचारियों, ग्राहकों और नागरिकों ने हस्ताक्षर बोर्ड पर हस्ताक्षर करके और सेल्फी लेकर मतदान करने की प्रतिज्ञा ली।

## पुलिस ने ग्राम तलाऊ मे दबिश देकर १३०० लीटर लहान नष्ट किया।



कुकड़ेश्वर पुलिस ने ग्राम तलाऊ में दबिश देकर एक लाख से ज्यादा का महुआ लहान नष्ट कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम तलाऊ बांछड़ा डेरों वाले जंगलों में दबिश दी। इस दौरान 1300 लीटर महुआ लहान कीमती करीब 1 लाख 30 हजार रुपए नष्ट किया। पुलिस ने आबकारी अधिनियम 1915 की विभिन्न धाराओं में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में लिया।

## ११ मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत में सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण



मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेश पर नीमच जिले में 11 मई, 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत के जरिए न्यायालयों में लंबित समस्त श्रेणी के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। सोमवार को प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष सुशांत हुद्दार व सचिव जिला प्राधिकरण नजमा बेगम ने जिले के सभी न्यायाधीशगणों के साथ ऑफलाइन व ऑनलाइन मध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समस्त न्यायालयों द्वारा उक्त नेशनल लोक अदालत में निराकरण के लिए विभिन्न प्रकृति के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गए। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगणों से चर्चा में बताया कि लंबित प्रकरणों में समझौते की सम्भावना को देखते हुए पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किए जाए।

समझौता योग्य प्रकरणों में पेशी पर आने वाले पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराए। यदि आवश्यक हो तो तो प्रीसिटिंग बैठकों का आयोजन करें। पक्षकारों के हितों को प्राथमिकता दें। बैठक में जिला एवं तहसील मुख्यालय से समस्त न्यायाधीशगणों ने सहभागिता की। गौरतलब है कि 11 मई 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय नीमव सहित तहसील मुख्यालयों मनासा, जावद व रामपुरा में भी किया जा रहा है।

## नयागांव पुलिस की कार्रवाई चौकिंग के दौरान ट्रक से पकड़ा २ क्विंटल डोडाचूरा




नयागांव चौकी पुलिस ने मध्यप्रदेश–राजस्थान बॉर्डर पर चौकिंग के दौरान एक ट्रक से 2 क्विंटल 15 किलो पीसा हुआ अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली थी की नीमच–निम्बाहेडा हाईवे पर एक ट्रक में अवैध मादक पदार्थ का परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद ट्रक (पीबी11सीएक्स4039) को घेराबंदी कर रोका गया। इस दौरान ट्रक में मिर्च के बोरों के बीच काले रंग के 5 कट्टो में छिपाकर रखा 2 क्विंटल 15 किलोग्राम पीसा हुआ अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी हरदीप पिता सीताराम राजपूत (36) और निमित कुमार पिता हरमेशचन्द्र राजपूत को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

## प्लास्टिक मुक्त , मनासा क्षेत्र की १०२ पंचायतों मे १६७७ कि.ग्रा.सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहित

नीमच 23 अप्रेल 2024, लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद के निर्देशानुसार जनपद पंचायत मनासा की सभी 102 ग्राम पंचायत में पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर, स्वच्छता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के लिये विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ग्राम चपलाना में एसडीएम श्री पवन बारिया एवं जनपद सीईओ श्री अरविन्द डामोर की अध्यक्षता में नवीन मतदाताओ का सम्मान किया, मतदानकी शपथ दिलाई।मतदाता जागरूकता रैली निकालकर, नारे लगवाए, वृद्ध मतदाताआ का सम्मान किया, दिव्यांग मतदाताओ ने 13 मई, 2024 को मतदान केन्द्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। सभी 102 ग्राम पंचायतो में मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महिला स्व–सहायता समूह की दीदीयों ने भी सहभागीता की ।

पर्यावरण सरंक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जनपद पंचायत मनासा क्षेत्र में नोडल अधिकारियों ने सभी 102 ग्राम पंचायतों में भ्रमण कर सिंगल युज प्लास्टिक 1672 कि.ग्रा. एकत्रित कर मनासा, कुकडेश्वर, रामपुरा के ट्रेचिंग ग्राउन्ड में उपलब्ध्ध करवाया गया।यह जानकारी जनपद सीईओ मनासा श्री अरविन्द डामोर ने दी।

खबरों के लिए लॉगिंन करे !

https://sbpatra.in/

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

## मध्यप्रदेश मे खुले बोरवेल की शिकायत अब सीएम हेल्पलाइन पर भी होगी एप्प पर अपलोड होते ही पहुँचेगी जानकारी




खुले बोरवेल से संबंधित दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सीएम हेल्पलाइन एप्लीकेशन में एक नया माड्यूल शामिल किया गया है। इससे आमजन आसानी से रिपोर्ट कर सकेंगे। कलेक्टर राजेश बाथम ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर एप लोगिन करने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर को निर्धारित क्षेत्र में दर्ज करना होगा।एप्लीकेशन मेनू में स्थान, विभाग, जिला आदि की जानकारी के बाद खुले बोरवेल की तस्वीर अपलोड कर सबमिट करते ही शिकायत संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी। उपयोगकर्ता को एसएमएस द्वारा शिकायत आइडी प्राप्त हो जाएगी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में पिछले एक साल में ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें खुले बोरवेल में कोई बालक या बालिका दुघर्टनावश गिर जाता है। इसके बाद राहत दल, बचाव दल आता है, घंटों प्रयास किए जाने के बाद भी बच्च्चे को बचाने में सफलता नहीं मिल पाती है। कई बार अन्य राज्य्यों से मशीनरी बुलवाना पड़ती है। ऐसे में रेस्क्यू ऑपरेशन और लंबा खिंच जाता है। बाद में जब बच्चे तक पहुंच बन पाती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

## इन्दौर हत्याकांड में चार थानों की पुलिस कर रही जाँच खंगाल रही सीसीटीवी तस्वीरे अनुमान अवैध संबध के कारण हुई हत्या।

एरोड्रम थाना क्षेत्र में मिले शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। चार थानों की पुलिस को सीसीटीवी फुटेज निकालने में लगाया गया है। पुलिस को शक है हत्या कहीं और की गई और साक्ष्य छुपाने के मकसद से यहां शव फेंका गया है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपितों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित आइडीए मल्टी के समीप खाली मैदान में 35 से 40 वर्षीय युवक का शव मिला था। युवक की हथियार से हत्या कर हाथ पैर नारियल की रस्सी से बांधे गए मामले में जोन–1 के डीसीपी विनोद कुमार मीना ने बाणगंगा, एरोड्रम, गांधीनगर और मल्हारगंज थाना पुलिस को जांच में लगाया। पुलिस अपने–अपने क्षेत्र से सीसीटीवी फुटेज निकाल रही है।गुम इंसानों का रिकार्ड ढूंढ रही पुलिस पुलिस ने अभी तक मृतक की शिनाख्त नहीं की है। ग्रामीण एवं नगरीय सीमा की पुलिस को गुमशुदा इंसानों का रिकॉर्ड देखने के लिए कहा गया है। डीसीपी के मुताबिक युवक की शिनाख्त होने पर आरोपितों की पहचान आसान होगी। पुलिस को शक है युवक की हत्या अवैध संबंधों में भी हो सकती है।

## १० वी और १२ वी अनुत्तीर्ण विद्यार्थी फिर परीक्षा के लिए पांच मई तक करें आवेदन

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की 10वीं व 12वीं में फेल विद्यार्थी रुक जाना नहीं योजना के तहत दोबारा परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए वे पांच मई तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन एमपी आनलाइन पोर्टल के माध्यम से किए जा जाएंगे। 12वीं की परीक्षा 20 मई से सात जून तक और 10वीं की परीक्षा 21 मई से 30 मई तक होगी। इसके पहले 10 से 18 मई तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा में पेपर मप्र बोर्ड के पाठ्यक्रम के अनुसार ही होंगे। बता दें कि बोर्ड की दोनों परीक्षाओं में इस बार करीब 5.60 लाख विद्यार्थी फेल हुए हैं।

10वीं में दो लाख 15 हजार 411 व 12 वीं में दो लाख दो हजार 142 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं। राज्य ओपन बोर्ड दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित करेगा। 12वीं में एक से अधिक और 10वीं में दो से अधिक विषयों में फेल विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। वहीं , 12वीं में एक और 10वीं में दो विषयों में फेल विद्यार्थी पूरक परीक्षा दे सकते हैं।10 वीं में दो विषयों में फेल करीब सवा लाख विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। इनकी पूरक परीक्षा 10 जून को होगी। उधर, 12वीं में करीब एक लाख विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता प्रदान की गई है। इनकी पूरक परीक्षा आठ जून को आयोजित की जाएगी। दिसंबर में दूसरा मौका – अगर विद्यार्थी रुक जाना नहीं के तहत मई की परीक्षा में भी पास नहीं होते हैं, तो उन्हें दिसंबर में दूसरा मौका दिया जाएगा। जो विद्यार्थी पास हो जाएंगे, वे 11वीं में नियमित प्रवेश ले सकेंगे। वहीं, जो दिसंबर की परीक्षा में पास होंगे, वे अगली परीक्षा प्राइवेट या ओपन स्कूल बोर्ड से दे सकेंगे। वे नियमित छात्र के रूप में शामिल नहीं हो सकेंगे।

## दुसवीं की छात्रा ने फैल होने पर जहर खा कर कि आत्महत्या।

स्वतंत्र बौद्धिकपत्र सभी विद्यार्थी यों से अपील करता है कि परिक्षा में विफल होन पर आत्य हत्या न करे याद रहे जिवन अन्न्त मौके देता है सफल होने के


बुधवार को प्रदेश के हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित हो चुका है। करीब 65: फीसदी बच्चे इस दसवीं की परीक्षा में पास हो गए, जबकि शेष फेल को अब दूसरा मौका भी दिया जाएगा। लेकिन, एक परीक्षा में असफल होने के बाद मोहगांव की एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया, कल शाम को उसने जहर का सेवन कर लिया जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन रास्ते में उसकी सांसे थम गई।जानकारी में पुलिस ने बताया कि मोहगांव निवासी 16वर्षीय पायल पिता संजय तुमडाम छात्रा में परीक्षा दी थी।लेकिन बुधवार को जब परिणाम आए तो पायल उसमें फेल हो गई। इस बात को लेकर वो सुबह से ही टेंशन में थी, इसी बीच शाम को पायल ने अज्ञात जहर का सेवन कर लिया। इसके बाद उसे उपचार के लिए पहले सौंसर अस्पताल लाया गया और वहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया जा रहा था जिसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने मौत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया

## ट्रांसफार्मर, पोल के पास ठेले न लगाएं, हो सकती है दुर्घटना

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि व्यापारीगण या फेरी वाले बिजली के वितरण ट्रांसफार्मर एवं पोल के आसपास हाथ ठेले या गुमठियां न लगाएं। ऐसा करने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। विद्युत वितरण कंपनी का कहना है कि कई स्थानों पर ऐसा देखने में आ रहा है, ऐसा करके लोग जहां अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं, वहीं इस तरह से बिजली के खंभों या ट्रांसफार्मर से सटाकर ठेले पर सामान बेचना नियमों के विपरीत भी है। इसलिए यदि कहीं पर भी इस तरह की गतिविधियां हो रही हों, तो स्वयं ही उन्हें हटा लें, अन्यथा विद्युत वितरण कंपनी को कार्रवाई करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## भोजशाल में एएसआई सर्वे का ३४वां दिन २४ अधिकारी, २९ मजदूरों और पक्षकारों की मौजूदगी में हो रहा काम

केंद्रीय पुरातत्व विभाग के अधीन धार की भोजशाला में वैज्ञानिक पद्धति से सर्वेक्षण चल रहा है। आज 34वें दिन एएसआई की टीम ने सुबह 8 बजे भोजशाला में प्रवेश किया। अब पूरे दिन टीम के सदस्य सर्वे के तहत अलग–अलग बिंदुओं पर काम करेंगे। बुधवार को एएसआई के 24 अधिकारी, कर्मचारी, 29 मजदूरों व पक्षकारों की मौजूदगी में सर्वे किया जा रहा है। पिछले दो दिनों से उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में उत्खनन चल रहा हैं, जिसे ही आज आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं कमाल मौलाना दरगाह परिसर में केमिकल ट्रीटमेंट के कार्य को भी गति मिलेगी। यहां शिलालेख की सफाई करने के साथ ही पेपर स्टांप पर उकेरने



का काम चल रहा है। भोजशाला के गर्भगृह में स्तंभों की विशेष वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गई। भोजशाला के मुख्य परिसर के साथ ही 50 मीटर के दायरे में आने वाले कई स्थला का बारीकी से परीक्षण किया जाना अभी शेष है। कल भी टीम के सदस्यों ने इसी तरह से काम किया था। अब इन भाषाओं का अध्ययन किया जाएगा। बताया जा रहा हैं, कि टीम के सदस्य पहले इन स्तंभों व आकृतियों पर केमिकल का उपयोग करके उसे साफ कर रहे है। टीम के सदस्यों करीब 8 अलग–अलग समूहों में बांटकर काम कर रहे हैं, क्योंकि अगले सोमवार 29 अप्रैल को कोर्ट में सुनवाई है। इसके पहले सर्वे का बेस तैयार किया जा रहा हैं, ताकि कार्य को लेकर समय बढ़ाने की मांग जो की गई हैं, उसमें कोर्ट के समक्ष अभी तक हुए कार्यों का लेखा जोखा पेश किया जाएगा।

## एमपी में सी–विजिल एप्प पर ३ हजार ७५७ शिकायतें मिली सभी का त्वरित निराकरण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। नागरिकों से ष्सी–विजिल एप पर आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। ष्सी–विजिल एपष पर 16 मार्च से 23 अप्रैल तक आचरण संहिता उल्लंघन की 3 हजार 757 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है।

श्री राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 381, सागर में 295, उज्जैन में 257, दमोह में 224, मुरैना में 184, राजगढ़ में 177, रीवा में 166, इंदौर में 159, सीहोर में 119, खरगौन में 112, नरसिंहपुर में 109, कटनी में 106 और सतना जिले में 104 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं।श्री राजन ने प्रदेश के नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि वे निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी प्रकार की सीधी शिकायत करनाचाहते हैं, तो वे ष्सी–विजिल एपष से कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित नागरिक को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर सी–विजिल एप डाउनलोड करना होगा।

100 मिनट में होगी कार्रवाई श्री राजन ने बताया कि नागरिक को आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो ष्सी–विजिल एपष पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श निर्वाचन आचरण संहिता के उल्लंघन वाली शिकायतों के निवारण के लिए ष्सी–विजिल एप तैयार किया गया है। इस एप के जरिए व्यक्ति राजनैतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए किसी भी तरह से धन, सामग्री, कपड़े, जेवरात आदि का वितरण करने, मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए धमकाने, मतदाताओं को स्वयं के वाहन से लाने–ले जाने, किसी भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन या दीवारों या परिसर पर चुनाव प्रचार सामग्री चस्पा करने, लगाने या दीवार पर चुनावी विज्ञापन लिखवाने सहित अन्य प्रकार की शिकायतें कर सकते हैं।

## चौथे चरण के लिए ५वें दिन ११ अभ्यर्थियों ने दाखिल किये १५ नाम

निर्देशन पत्र अब तक कुल ३९ अभ्यर्थियों द्वारा ६२ नाम निर्देशन-पत्र दाखिल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण के लिये नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। चौथे चरण के लिये 5वें दिन मंगलवार को 11 अभ्यर्थियों ने 15 नाम निर्देशन–पत्र प्रस्तुत किये। अब तक 39 अभ्यर्थियों द्वारा 62 नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये जा चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि चौथे चरण के लिये 5वें दिन 23 अप्रैल को लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक– 22 उज्जैन (अजा) में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र, क्रमांक–23 मंदसौर में एक अभ्यर्थी द्वारा एक नाम निर्देशन पत्र, क्रमांक–24 रतलाम (अजजा) में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम निर्देशन पत्र, क्रमांक–25 धार (अजजा) में एक अभ्यर्थी द्वारा 2 नाम निर्देशन पत्र, क्रमांक–26 इंदौर में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 3 नाम नर्देशन–पत्र, क्रमांक–27 खरगौन (अजजा) में एक अभ्यर्थी द्वारा एक नाम निर्देशन –पत्र एवं क्रमांक–28खण्डवा में 2 अभ्यर्थियों द्वारा 2 नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये गये। चौथे चरण के लोकसभा संसदीय क्रमांक–21 देवास (अजा) में आज किसी भी अभ्यर्थी द्वारा कोई भी नाम निर्देशन–पत्र दाखिल नहीं किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि नाम निर्देशन–पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https:@affidaviteci-gov-in@ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन–पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार, 25 अप्रैल है। इसके अगले दिन शुक्रवार, 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन–पत्र दाखिल कर चुके प्रत्याशी सोमवार, 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। चौथे चरण के लिए सोमवार, 13 मई को मतदान होगा। सभी चरणों में हुये मतदान की मतगणना मंगलवार, 4 जून को होगी।

## भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर में हूतियों ने मिसाईल से हमला किया ।

अमेरिका ने करीब १० देशों के साथ एक गठबंधन भी बनाया है, हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

भारत आ रहे एक जहाज पर शनिवार को लाल सागर में मिसाइल अटैक हुआ है। इसकी जिम्मेदारी यमन के हूती विद्रोहियों ने ली है। जहाज का नाम अंड्रोमेडा स्टार बताया गया है। ये तेल लेकर भारत आ रहा था। शिप के मास्टर ने जानकारी देते हुए बताया है कि हमले में जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा है।अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड के मुताबिक घटना शुक्रवार शाम 5 बजकर 49 मिनट पर हुई। जहाज ब्रिटेन का है, जिस पर एंटीगुआ और बारबाडोस का झंडा लगा था। अटैक के बावजूद जहाज अपने रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इसने रूस के प्रिमोर्स्क से यात्रा शुरू की थी और ये गुजरात के वाडीनार पहुंचने वाला था।जहाज पर कई मिसाइलों के साथ 2 बार हमले हुए मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत आ रहे जहाज पर 2 बार हमले हुए।



इस दौरान हूतियों ने कई मिसाइलें दागीं। हालांकि, पहले हमले में दागी गई मिसाइलें जहाज पर न गिरकर उसके नजदीक समुद्र में गिरीं। दूसरे हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा। लाल सागर में जहाज पर हमला कई दिनों की शांति के बाद अचानक हुआ है। इससे पहले इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान ने भारत आ रहे एक जहाज को होर्मुज पास से कब्जे में ले लिया था..

18 साल की नौगा वीसा से शादी करना चाहता था हमास लडाका उसने लडकी को कोइ नुकसान नही पहुचाया , गिफ्ट मे अँगुठी भी दी

इजराइल हमास जंग के बीच एक इजराइली महिला ने खुलासा किया है कि एक हमास का लड़ाका उससे शादी करना चाहता था। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, 18 साल की नोगा वीस पिछले साल गाजा में 50 दिन हमास की कैद में रही थी।

इसी दौरान हमास के लड़ाका ने उससे शादी की इच्छा जाहिर की। नोगा ने बताया कि कैद के 14वें दिन लड़ाके ने उसे एक अंगूठी दी और कहा कि सभी को रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन तुम यहां मेरे साथ रहोगी और मेरे बच्चे पैदा करोगी।

मां से भी मिलाया नोगा ने बताया था कि हमास लड़ाके के बात से वो बहुत डर गई थी। लड़ाके ने उनसे शादी पर जवाब मांगा और उन्होंने हंसकर सिर हिलाया क्योंकिउन्हें लगा कि अगर उन्होंने कुछ जवाब नहीं



दिया, तो लड़ाका उसे गोली मार देता। इसके बाद उनकी रिहाई तक वो उसके साथ ही रहा।बाद में लड़ाके ने नोगा को उसकी मां से मिलाया, जो उन्हीं के साथ 7 अक्टूबर को किडनैप हुई थी। लड़ाके ने ये सब इसलिए किया ताकि वो नोगा का हाथ मांग सके। लड़ाके के दोस्त अक्सर नोगा से कहते रहते थे कि वो तुमसे बहुत प्यार करता है और शादी करना चाहता है। इसके बाद नवंबर 2023 में नोगा और उनकी मां को 4 दिन के संघर्ष विराम बाद छोड़ दिया गया था।

https://sbpatra.in/

## मालदीव की भारत से दुरी पर चीनी अखबार भारतीय विदेश नीती पर उठा रहा सवाल



मालदीव के संसदीय चुनाव में राष्ट्रपति मुइज्जू की जीत के बाद चीनी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भारत की विदेश नीति पर सवाल उठाए हैं। ग्लोबल टाइम्स ने अपने आर्टिकल में कहा है कि भारत श्नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसीश (पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देना) पर चलता है। लेकिन पिछले कुछ समय से भारत का रवैया नेबर फर्स्ट पॉलिसी की जगह इंडिया फर्स्ट वाला हो गया है।भारत साउथ एशिया में जितना अपना दबदबा बढ़ाने की कोशिश करता है, उससे पड़ोसी देश उतने ही दूर हो रहे हैं।

इससे साबित होता है कि भारत साउथएशिया को अपना बैक्यार्ड समझता है। वह साउथ एशियन देशों पर भारत और चीन में से किसी एक को चुनने के लिए दबाव डालता है। शंघाई इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज के प्रोफेसर ल्यू जोंग्यी ने ग्लोबल टाइम्स से कहा कि मालदीव के संसदीय चुनाव इस बात का सबूत हैं कि वहां के लोग अब भारत के आदेश का पालन नहीं करना चाहते हैं। उन्हें स्वतंत्र विदेश नीति का चुनाव किया है। वो आर्थिक और सामाजिक विकास को प्राथमिकता देते हैं।

## भारत आ रहे जहाज पर लाल सागर पर हुतियों का हमला

ईरान ने कहा था कि वे बिना मंजूरी उनकी समुद्री सीमा में घुसा था। जहाज के क्रू मेंबर्स में 17 भारतीय और 2 पाकिस्तानी भी थे। ईरान ने पाकिस्तान के 2 नागरिकों और भारत की एक महिला क्रू मेंबर को छोड़ दिया। जबकि बाकी 16 भारतीय अभी भी ईरान की कैद में हैं। हूतियों ने शुक्रवार को सिर्फ भारत आ रहे जहाज ही नहीं, बल्कि अमेरिका के डफ–9 रीपर ड्रोन को भी अपनानिशाना बनाया। हूतियों ने यमन के सादा प्रोविंस में ड्रोन को मिसाइल अटैक से मार गिराया है।हूतियों के हमले से भारत को नुकसान ग्लोबल ट्रेड का करीब 12: और 30: कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत का 80: व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90: ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। हमले से भारत के कारोबार पर असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। अमेरिका ने करीब 10 देशों के साथ एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

## भारत के आर्मीनिया को हथियार देने पर अजरबैजान को आपत्ती अर्मीनिया हमारी सीमा पर सैनिक तैनात कर रहा बढते खतरे पर चुप नही रहा जाऐगा।

आर्मीनिया को हथियार देने की वजह- कश्मीर - दरअसल, कारबाख को लेकर अजरबैजान और आर्मीनिया में लंबे समय से विवाद रहा है। पाकिस्तान और तुर्किये अजरबैजान को खुला समर्थन और सैन्य सहयोग देते हैं।



अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने भारत से मांग की है कि वो आर्मेनिया को हथियार देना बंद करे। राजधानी बाकू में सीओपी 29 से जुड़े कार्यक्रम में एक सवाल का जवाब देते हुए अलीयेव ने कहा, यह हमारी देश की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। फ्रांस, भारत, ग्रीस जैसे देश आर्मेनिया को हमारे खिलाफ जाकर हथियार सप्लाई कर रहे हैं। ऐसे में हम हाथ पर हाथ रखकर बैठे नहीं रह सकते।

राष्ट्रपति अलीयेव ने कहा, हमने आर्मेनिया और उसे हथियार देने वाले देशों के सामने अपना रुख साफ कर दिया है। अगर हमारे देश की सुरक्षा को खतरा होगा तो हम इसके खिलाफ एक्शन लेंगे। आर्मेनिया हमारे खिलाफ अपनी सैन्य ताकत बढ़ा रहा है। वो हमारी सीमा पर अपने सैनिक तैनात कर रहा है। ऐसे में हम चुप नहीं रह सकते।आर्मेनिया को हथियार देने की वजह– कश्मीरदरअसल, कारबाख को लेकरअजरबैजान और आर्मेनिया में लंबे समय से विवाद रहा है। पाकिस्तान और तुर्किय` अजरबैजान को खुला समर्थन और सैन्य सहयोग देते हैं। इसके बदले अजरबैजान कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करता पिछले साल भारत में मौजूद अजरबैजान के राजदूत अशरफ शिकालियेव ने कहा था कि पिछले 30 साल से अजरबैजान कश्मीर पर पाकिस्तान का साथ देता आया है। ऐसे में भारत ने पिछले कुछ समय में आर्मेनिया के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाया है। भारत ने पिछले साल जुलाई में आर्मेनिया को पिनाक रॉकेट लॉन्चर का पहला शिपमेंट डिलिवर किया था। पिनाक की डिलीवरी होने की खबर सामने आते ही अजरबैजान में राष्ट्रपति के सलाहकार हिकामत हाजियेव ने भारतीय राजूदत से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने भारत–आर्मेनिया में बढ़ते रक्षा सहयोग पर चिंता जताई थी।

## बांग्लादेश मे इंडिया आउट कैंपेन विफल , विपक्षी पार्टी लोगो को जोडने मे रही कमजोर

मालदीव की तरह भारत विरोधी भावनाएं भड़काने की साजिश थी



बांग्लादेश में मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी बीएनपी ने आम चुनावों का बहिष्कार किया था। इसके बाद बीएनपी ने नए मुद्दे को हवा देने की कोशिश करते हुए भारत के खिलाफ इंडिया आऊट कैंपेन शुरू किया था। जनवरी के बाद बीएनपी के बड़े नेताओं ने बांग्लादेश में विपक्ष की नाकामी के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराना शुरू कर दिया। बीएनपी के महासचिव राहुल कबीर रिजवी ने अपनी भारतीय शॉल को जमीन पर फेंक दिया और आग लगा दी, सीधे तौर पर इंडिया आउट आंदोलन के साथ एकजुटताव्यक्त की। इसके बाद बीएनपी और उसकी समान विचारधारा वाली पार्टियों ने इस आंदोलन को लेकर सोशल मीडिया पर बहुत प्रचार किया, लेकिन विरोध जमीन पर उतर नहीं पाया। ढाका यूनिवर्सिटी के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के प्रोफेसर इम्तियाज अहमद का कहना है कि बीएनपी को चुनाव के बाद कुछ नहीं मिला और उन्होंने अचानक इंडिया आउट आंदोलन शुरू कर दिया। आम लोगों को जोड़ने जैसा बुनियादी काम भी नहीं किया।

## भारत से व्यापार करना चाहते है पाक कारोबारी पीएम शहबाज से कहा पहले पडोसीयों से फिर इमरान से हाथ मिलाएगे ।

पाकिस्तानी कारोबारियों की भारत से व्यापार शुरू करने की मांग- उन्होंने कहा, आपने सत्ता में आने के बाद कुछ लोगों से हाथ मिलाया, जिससे पाकिस्तान को फायदा हुआ। अब हम चाहते है कि कुछ और लोगों से हाथ मिलाएं। पहले भारत से हाथ मिलाएं ताकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को फायदा मिले।



पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देश की आर्थिक हालात सुधारने के लिए लगातार व्यापारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान के कारोबारियों ने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने की मांग की है। बुधवार( 24 अप्रैल) को सिंध में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कारोबारियों के साथ मुलाकात की थी। बैठक के दौरान पाकिस्तान के बड़े व्यापारिक समूह आरिफ हबीब ग्रुप के मुखिया आरिफ हबीब ने भारत से रिश्ते सुधारने की मांग की।उन्होंने कहा, आपने सत्ता में आने के बाद कुछ लोगों से हाथ मिलाया, जिससे पाकिस्तान को फायदा हुआ। अब हम चाहते है कि कुछ और लोगों से हाथ मिलाएं। पहले भारत से हाथ मिलाएं ताकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को फायदा मिले। फिर अदियाला जेल में बंद इमरान से हाथ मिलाएं। ताकि देश में राजनीतिक स्थिरता आए। राजनीतिक स्थिरता आने से पाकिस्तान में बिजनेस अच्छे से काम कर पाएंगे।पाकिस्तान के व्यापारी संगठनों ने इससे पहले वित्तमंत्री से भारत से व्यापार शुरू करने की मांग की थी । भारत के साथ व्यापार पर हुई चर्चा – सिंध में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण के बाद बैठक में सवाल – जवाब का सिलसिला शुरू हुआ। कई पाकिस्तानी बिजनेस लीडर्स ने शहबाज शरीफ से पाकिस्तान की आर्थिक नीतियों पर सवाल किए। कुछ बिजनेसमैन ने प्रधानमंत्री शरीफ की तारीफ भी की। कारोबारियों ने आर्थिक नीतियों के लिए सरकार को एक प्रपोजल भी दिया है। करीब 1 घंटे चली बैठक में पाकिस्तान के कारोबारियों ने कहा है कि पाकिस्तान में ऊर्जा की कीमतें बहुत ज्यादा है और सरकार की नीतियां भी लगातार बदलती रहती हैं। इससे बिजनेस करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा